# ::प्रेस विज्ञप्ति::

विगत वर्षो की भॉति इस वर्ष भी श्रावण शिवरात्रि का त्यौहर दिनांक **15.07.2023** को मनाया जाना प्रस्तावित है। जिसमे कॉवड़ यात्रा के दौरान लाखो की संख्या मे श्रद्धालु हरिद्वार से कॉवड़ लेकर आते है। तथा जनपद मे विभिन्न मार्गो से होते हुए अपने गन्तव्य को जाते है कॉवड़ यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था हेतु जनपद मे संलग्न डावर्जन स्कीम लागू की गई है डायवर्जन हेतु कॉवड़ मार्ग पर दिनांक 04.07.2023 से 15.07.2023 तक भारी वाहनों का संचालन पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। दिनांक 09.07.2023 से 15.07.2023 तक सभी प्रकार के हल्के/भारी वाहनों का संचालन कॉवड़ मार्ग पर पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। यातायात व्यवस्था हेतु डायवर्जन के सम्बन्ध मे आज दिनांक 28.06.2023 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक यातायात महोदय द्वारा ट्रॉसपोर्टरो के साथ पुलिस लाईन स्थित कार्यालय मे गोष्ठी का आयोजन किया गया तथा कॉवड यात्रा के दौरान यातायात/डायवर्जन के सम्बन्ध मे ट्रासपोर्टरो को अवगत कराया गया। डायवर्जन के सम्बन्ध मे ट्रासपोर्टरो द्वारा सहमति व्यक्त की गयी। गोष्ठी मे श्री पिंकी चिन्योटी ट्रासपोर्टर यूनियन अध्यक्ष मेरठ व अन्य ट्रासपोर्टरो द्वारा प्रतिभाग किया गया कॉवड़ यात्रा के दौरान यातायात/डायवर्जन प्लान निम्नव्त रहेगा।

# **::श्रावण शिवरात्रि यातायात डायवर्जन स्कीम-2023::**

विगत वर्षो की भॉति इस वर्ष दिनांक **04.07.2023** से श्रावण शिवरात्रि कांवड मेले का पर्व प्रारम्भ हो रहा है। श्रावण शिवरात्रि का मुख्य पर्व दिनांक **15.07.2023** को मनाया जाना प्रस्तावित हैं। इस अवसर पर स्थानीय/अन्य जनपदों/प्रान्तों से लाखों की संख्या में श्रृद्वालु कांवडिये उत्तराखण्ड राज्य के जनपद हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर अपने गन्तव्य स्थान पर पहुचकर शिवालयों पर जलाभिषेक करते है। जनपद मेरठ के निकटस्थ जनपद बागपत अन्तर्गत पुरा महादेव मन्दिर में जलाभिषेक करने हेतु लाखों की संख्या में कावंडिये जनपद मेरठ की सीमा में प्रवेश कर लगभग 45 कि0मी0 की यात्रा करते है। श्रावण शिवरात्रि पर महानगर स्थित प्रमुख मंदिर **''बाबा औघडनाथ''** थाना सदर बाजार आदि क्षेत्रों में श्रद्वालुओं/कावंडियों द्वारा जलाभिषेक किया जाता है। **हरिद्वार से चलकर जनपद मेरठ सीमान्तर्गत कांवड़ियें निम्नलिखित मुख्य मार्गो से प्रवेश करते है। मेरठ जनपद में इनका मार्ग निम्नवत रहेगाः-**

ए- **तहसील सरधना के ग्राम सलावा से प्रारम्भ होकर कल्याणपुर से पुरा महादेव मन्दिर जनपद बागपत तकः-** **प्रथम-** यह मार्ग सर्धना से प्रारम्भ होकर ग्राम पाली, कालन्द, छबडिया, भूनी, सरूरपुर, करनावल, पाथौली करनावल नहर की कोठी से होकर नारंगपुर, कैथवाडी, जटौली, किनौनी, रसूलपुर, उकसीया व थिरोट से होता हुआ पुरा महादेव मन्दिर, बागपत पंहुचता है।

**दूसरा मार्गः-** यह मार्ग ग्राम मीरपुर से रजवाहे की पटरी होते हुये ग्राम लाहौरगढ, थिरोट, कल्याणपुर होते हुये पुरा महादेव मन्दिर पंहुचता है।

**तीसरा मार्गः-** यह मार्ग नानू नहर पुल से ग्राम पथौली, रासना, अट्टा चिन्दौडी, डालमपुर से कल्याणपुर होते हुये पुरा महादेव मन्दिर पहुचता है।

बी- **खतौली-मुरादनगर गंगनहर मार्गः-** यह मार्ग खतौली गंगनहर पुल, जनपद मुजफ्फरनगर से प्रारम्भ होकर गंगनहर की पटरी होकर जानी मुरादनगर, जनपद गाजियाबाद तक है। इस मार्ग से गाजियाबाद, दिल्ली-शाहदरा, हरियाणा, राजस्थान के कावडियें मुख्य रूप से गुजरते है।

सी- **एन0एच0 58 दादरी से प्रवेश कर भगवान औघ्रडनाथ मंन्दिर मेरठ कैण्ट तकः-** यह मार्ग थाना दौराला के ग्राम दादरी से प्रारम्भ होकर सकौती, दशरथपुर, कनौडा, वलीदपुर, मटौर, कस्बा दौराला, सिवाया, पल्लवपुरम, मोदीपुरम तिराहा से 6वी वाहिनी पीएसी के सामने से टैंक चौराहा, रजबन बाजार, नैनसी चौराहा होकर औघडनाथ मन्दिर तक।

डी- मोदीपुरम तिराहा (फ्लाईओवर) से बाईपास मार्ग से होते हुये सरधना बाईपास फ्लाईओवर,

शोभापुर बाईपास फ्लाईओवर, बागपत बाईपास फ्लाईओवर, से परतापुर इन्टरचेंज से मोहउद्दीनपुर बार्डर से मोदीनगर, मुरादनगर, गाजियाबाद एवं दिल्ली की ओर।

**ई–** जीरोमाईल चौराहा से बेगमपुल चौराहा, भैसाली बस अड्डा रोडवेज के सामने से रेलवे रोड चौराहा, मैट्रो प्लाजा, मेवला फाटक ओवर ब्रिज, दैनिक जागरण तिराहा, रिठानी, थाना परतापुर के सामने होते हुए परतापुर इन्टरचेंज से मोहउद्दीनपुर बार्डर से गाजियाबाद दिल्ली की ओर।

**एफ–** बेगमपुल चौराहा से बच्चापार्क चौराहा, आबकारी चौराहा, इन्द्राचौक, हापुड अड्डा चौराहा, तिरंगा गेट, एल0ब्लाक पुलिस चौकी, बिजली बम्बा पुलिस चौकी से खरखौदा होकर हापुड़–बुलन्दशहर की ओर।

**जी–** टैंक चौराहा रूडकी रोड से मालरोड होकर थाना लालकुर्ती, होमगार्डस चौराहा, कमिश्नर आवास चौराहा, जेलचुंगी, से यूनिवर्सिटी होकर किठौर–गढमुक्तेश्वर की ओर।

## -:डायवर्जन स्कीम:-

**कावंडियो का आवागमन कई दिन पूर्व से प्रारम्भ हो जाता है, जिस कारण दिनांकः 04.07.2023 को प्रातः 08.00 बजें से निम्नानुसार यातायात डायवर्जन स्कीम लागू किया जाना प्रस्तावित है। जो दिनांक 16.07.2023 की सांय 06.00 बजें तक लागू रहेगी।**

1- **दिल्ली, गाजियाबाद की ओर से आने वाला भारी यातायात** जिन्हें मुजफ्फरनगर, सहारनपुर हरिद्वार, देहरादून व बिजनौर जाना हैं ऐसे समस्त भारी वाहन गाजियाबाद से हापुड-बुलन्दशहर बाईपास से हापुड़-किठौर फ्लाईओवर से किठौर रोड होकर कस्बा किठौर, से परीक्षतगढ, मवाना, बहसूमा, रामराज, मीरापुर, जानसठ, से मुजफ्फरनगर की ओर जा सकेगे तथा जिन वाहनों को हरिद्वार व देहरादून की ओर जाना है ऐसे वाहन मीरापुर से गंगा बैराज, बिजनौर, नजीवाबाद होकर हरिद्वार, व देहरादून की ओर जा सकेगें।

**नोटः-** यदि कोई वाहन हापुड़ के अन्दर से होते हुए मेरठ की ओर आना चाह रहा है। ऐसे सभी वाहनों को पुलिस चौकी साईलों सैकेन्ड हापुड से खरखौदा-मेरठ की ओर नही आने दिया जायेगा। किठौर रोड़ पर भेजा जायेगा।

2- **दिल्ली, गाजियाबाद की ओर से आने वाली रोडवेज की बस व हल्के वाहन** जिन्हें मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, हरिद्वार, देहरादून व बिजनौर के लिए **मेरठ दिल्ली एक्सप्रेस** वे से होकर जाना हैं। ऐसे सभी वाहनों को थाना-भोजपुर गाजियाबाद कट से हापुड़ शहर होते हुए साईलों सैकेन्ड चौकी से किठौर रोड होकर कस्बा किठौर-हापुड़ चुंगी तिराहा से मेरठ शहर की ओर तथा कस्बा किठौर से परीक्षतगढ, मवाना, बहसूमा, रामराज, मीरापुर, जानसठ, से मुजफ्फरनगर की ओर जा सकेगे तथा जिन वाहनों को हरिद्वार व देहरादून की ओर जाना है ऐसे वाहन मीरापुर से गंगा बैराज, बिजनौर, नजीवाबाद होकर हरिद्वार, व देहरादून की ओर जा सकेगें।

3- **देहरादून, हरिद्वार, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर व बिजनौर, की ओर से आने वाला भारी यातायात** जिसें दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड, व बुलन्दशहर की ओर जाना हैं, ऐसे भारी वाहन मीरापुर, बहसूमा, मवाना बस अड्डा पुलिस चौकी से किला परीक्षतगढ रोड की ओर डायवर्ट कर दिये जायेगे जो कस्बा किठौर से हापुड-बुलन्दशहर बाईपास होते हुए दिल्ली, गाजियाबाद एवं बुलन्दशहर की ओर जा सकेगे केवल बस अड्डा पुलिस चौकी मवाना से मेरठ तक आने वाले भारी वाहनों को ही मेरठ की ओर आने दिया जायेगा।

4- **देहरादून, हरिद्वार, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर व बिजनौर की ओर से आने वाली रोडवेज की**

**<u>बसें जिन्हे</u>** दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ, हापुड व बुलन्दशहर जाना है। ऐसे रोडवेज की बसें मवाना पुलिस चौकी से कमिश्नर आवास चौराहा, जेलचुगी, यूनिवर्सिटी, तेजगढी चौराहा से सोहराबगेट बस अड्डे तक जा सकेगी तथा वापसी में तेजगढी चौराहे से मैडिकल कालेज, कस्बा किठौर से हापुड-बुलन्दशहर बाईपास होते हुये दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़ व बुलन्दशहर को जा सकेगी। रोडवेज की बसों को तेजगढी चौराहे से एल0ब्लाक, खरखौदा की ओर हापुड रोड पर नही जाने दिया जायेगा।

5- **<u>मुरादाबाद-गढमुक्तेश्वर की ओर से आने वाले भारी वाहन</u>** जिन्हें मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, रूडकी, हरिद्वार, देहरादून, की ओर जाना हैं वह यातायात थाना किठौर से किला परीक्षितगढ़ मार्ग पर डायवर्ट कर दिये जायेगें जों मवाना, मीरापुर, बिजनौर, नजीबाबाद होकर अपने गन्तव्य की ओर जा सकेगे।

6- **<u>देहरादून, हरिद्वार, सहारनपुर, व मुजफ्फरनगर, बिजनौर की ओर से आने वाला यातायात</u>** जिसें गढमुक्तेश्वर, मुरादाबाद की ओर जाना हैं, वह यातायात पुलिस चौकी बस स्टैण्ड मवाना से किला परीक्षितगढ़ रोड से किठौर होकर अपने गन्तव्य को जा सकेगा।

7- **<u>देहरादून, हरिद्वार, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर व बिजनौर से आने वाले यात्री वाहन व रोडवेज बस आदि</u>** जिन्हे मेरठ होकर गढमुक्तेश्वर, मुरादाबाद की ओर जाना है, ऐसे यात्री वाहन मीरापुर, मवाना होते हुये कमिश्नर आवास चौराहा से जेलचुंगी, तेजगढी चौराहे से गढ रोड होकर अपने गन्तव्य को जा सकेगें।

8- **<u>मुरादाबाद-गढमुक्तेश्वर की ओर से आने वाले यात्री वाहन व रोडवेज बस आदि</u>** जिन्हे मेरठ होकर देहरादून, हरिद्वार, सहारनुपर व मुजफ्फरनगर की ओर जाना है, ऐसे वाहन गढ़ रोड से जेलचुंगी, कमिश्नर आवास चौराहे से मवाना, बहसूमा, मीरापुर, जानसठ, गंगा बैराज, बिजनौर नजीवाबाद होकर अपने गन्तव्य को जा सकेगें।

9- **<u>बरेली-मुरादाबाद की ओर से आने वाला यातायात जिसें शामली, बागपत, व करनाल (हरियाणा) की ओर जाना है,</u>** ऐसे वाहन कस्बा किठौर स्थित हापुड़ तिराहे से हापुड़-बुलन्दशहर बाईपास से पिलुखवा, छिजारसी टोल प्लाजा होते हुए डासना इन्टरचेंज से ईस्टर्न पेरीफेरल पर आकर बागपत होते हुए अपने गन्तव्य की ओर जा सकेगें।

10- **<u>शामली, करनाल (हरियाणा) व बागपत, की ओर आने वाला यातायात जिसें मेरठ होकर मुरादाबाद-बरेली की ओर जाना है,</u>** ऐसे वाहन हापुड़-बुलन्दशहर बाईपास होते हुए कस्बा किठौर होते हुए अपने गन्तव्य की ओर जा सकेगें।

# ::रोडवेज बस अड्डो की व्यवस्था::

**1.दिल्ली रोड स्थित भैसाली बस अड्डे की व्यवस्था:-**

इस दौरान **भैसाली बस अड्डा दिनांक 04.07.2023 को प्रातः 08.00 बजें से 15.07.2023 की रात्रि 12.00 बजें तक बन्द रहेगा।** दिल्ली मार्ग पर संचालित होने वाली सभी रोडवेज की बसों का संचालन सोहराबगेट बस अड्डा गढ रोड पर शिफ्ट कर दिया जायेगा। जहॉ से रोडवेज बसें उपरोक्तनुसार डायवर्जन रूट के अनुसार सोहराबगेट बस अड्डे से चलेगी तथा उक्त मार्ग से ही सोहराबगेट बस अड्डे पर आयेगी। गांधीआश्रम चौराहे से आगे हापुड स्टैण्ड की ओर किसी भी वाहन को नही जाने दिया जायेगा।

**2.बागपत रूट पर चलने वाली रोडवेज बसों की व्यवस्था:-**

इस मार्ग पर चलने वाली रोडवेज की बसे **दिनांक 04.07.2023 को प्रातः 08.00 बजे** भैसाली रोडवेज बस अड्डे के बजाय बागपत बाईपास से ही चलेगी और शहर के अन्दर प्रवेश नही करेगी। कावॅडियों की भीड को दृष्टिगत रखते हुये उक्त व्यवस्था पूर्व से लागू करने का भी विकल्प रखा गया है।

**3.बडौत मार्ग पर चलने वाली रोडवेज बसों की व्यवस्था:-**

इस मार्ग पर चलने वाली रोडवेज की बसे दिनांक **दिनांक 04.07.2023 को प्रातः 08.00 बजें** सें भैसाली रोडवेज बस अड्डे के बजाय रोहटा रोड बाईपास से ही चलेगी और शहर के अन्दर प्रवेश नही करेगी। कावॅडियों की भीड को दृष्टिगत रखते हुये उक्त व्यवस्था पूर्व से लागू करने का विकल्प भी रखा गया है।

**प्राईवेट बस अड्डों की व्यवस्था:-**

कावॅड मेले के दौरान प्राईवेट बस अड्डो की व्यवस्था **दिनांक 04.07.2023 को प्रातः 08.00 बजे** निम्न प्रकार रहेगी उक्त अवधि में इन बस अड्डों को अस्थाई तौर पर निम्न स्थानों पर शिफ्ट किया जायेगा:-

1. मवाना, हस्तिनापुर, मीरापुर व बिजनौर के लिए चलने वाली प्राईवेट बसें **थाना गंगानगर** के सामने से चलेगी।
2. किला परीक्षितगढ रोड पर चलने वाली समस्त प्राईवेट बसें **पुलिस चौकी यादगारपुर बसंत बिहार किला रोड** से चलेगी।
3. हापुड रोड पर हापुड-बुलन्दशहर के लिए चलने वाली प्राईवेट बसें **एल0-ब्लाक पुलिस चौकी हापुड रोड** से चलेगी।
4. सरधना व शामली के लिए चलने वाली रोडवेज व प्राईवेट बसे **सरधना फ्लाईओवर** से

चलेगी।

5. अम्बाला बस स्टैण्ड बेगमपुल से चलने वाली प्राईवेट बसें **थाना गंगानगर** के पास बनाये गयें बस स्टैण्ड से मवाना, बहसुमा, मीरापुर, जानसठ होकर मुजफ्फरनगर के लिए संचलित होगी।

**<u>सिटी बसों की व्यवस्थाः-</u>**

शहर क्षेत्र में सिटी स्टेशन, कैण्ट स्टेशन एवं अन्य सभी मार्गो पर चलने वाली जे0एन0एन0यू0आर0एम0 व प्राईवेट सिटी बसों का संचालन दिनांक **04.07.2023 की प्रातः 08.00 बजें से 15.07.2023 की सांय तक** पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा।

# **-:आवश्यक सेवाओं मे लगे वाहनों की व्यवस्था:-**

1.दिनांक **04.07.2023** की **प्रात: 08.00** बजें से शहर क्षेत्र में सभी प्रकार के भारी वाहनों का आवागमन पूर्णत: प्रतिबन्धित रहेगा। अत: आवश्यक वस्तुओं की **सप्लाई के वाहन जैसे तेल टैकर, गैस सप्लाई ट्रक/टैकर, मैडिकल गैस, आदि** की सप्लाई कर दिनांक **09.07.2023** से पूर्व ही लगभग 05 दिवस के लिए स्टांक कर लिया जाये ताकि उक्त आवश्यक वस्तुओं की कमी न होने पाये।

2.उक्त वाहनों के अतिरिक्त **दुग्ध, ब्रेड, व सब्जी आदि** के हल्के चार पहिया सप्लाई वाहनों को कावॅड स्टीकर पास जारी किये जायेगे। ऐसे वाहनों को कावॅड मार्ग पर दिये गये निर्देशो का अनुपालन करते हुये चलाये जाने की अनुमति होगी।

3.दिनांक **09.07.2023** की **प्रात: 08.00** बजें से शहर क्षेत्र में सभी प्रकार के वाहन **आटो/टैम्पू/जीप व चार पहिया वाहनों** का आवागमन कावॅड मार्ग पर पूर्णत: प्रतिबन्धित कर दिया जायेगा। केवल कावॅड स्टीकर पास निजी वाहन ही कावॅडियों के लिए निर्धारित मार्ग को छोडकर विपरीत दिशा वाले मार्ग पर चल सकेगे।

**<u>सम्पूर्ण कावॅड मार्ग पर डिवाईडर कट्स, गति सीमा एवं यातायात सुरक्षा व्यवस्था:-</u>**

जनपद मेरठ सीमान्तर्गत मुख्य कॉवड मार्ग दादरी बार्डर थाना क्षेत्र दौराला से एन0एच0 58 पर जगह-जगह डिवाईडर कट्स को गाजियाबाद, व हापुड बार्डर तक रस्सीयों, बल्लियों व ड्रम आदि के द्वारा बन्द कर दिये जायेगे ताकि एन0एच0 58 के बायी ओर हरिद्वार की ओर से आने वाले कावॅडियें चल सके तथा दायी ओर से गाजियाबाद व मेरठ की ओर से हरिद्वार की ओर जाने वाले हल्के चार पहिया, दो पहिया वाहनों का आवागमन हो सके। कावॅडियों के चलने वाले मार्ग पर किसी भी दशा में किसी प्रकार का वाहन नही चलने दिया जायेगा। वाहनों को कावॅड मार्ग पर चलने से रोकने के लिए बैरियर आदि की व्यवस्था की जायेगी।

- कॉवड मार्ग पर सभी थाना क्षेत्रों में गति सीमा को नियन्त्रित करने के उद्देश्य से आवश्यकतानुसार **"एस-शेप"** बैरियर की व्यवस्था के साथ-साथ अस्थाई स्पीडब्रेकर बना लिये जाये ताकि वाहनों की गति को नियन्त्रित कर सम्भावित दुर्घटनाओं से बचा जा सके।
- कावंड मार्ग पर लगाये जाने वाले कावंड शिविर सडक से लगभग 20 फीट हटाकर लगाये जाये ताकि कॉवड शिविरों में विश्राम करने वाले कॉवडियों के साथ वाहन आदि के कारण सम्भावित दुर्घटना से बचा जा सके।
- कांवड मार्ग पर कावंडियों के सहायता हेतु लगायें जाने वाले शिविरों में आवश्यक वस्तु व दवाई आदि के सप्लाई हेतु शिविर संचालकों को केवल एक ही हल्के वाहन को लाने-ले

जाने हेतु एक ही स्टीकर पास जारी किया जायेगा।

- **कावंड मार्ग के मुख्य-मुख्य स्थान-** (1) मोदीपुरम तिराहा, सरधना फ्लाईओवर, रोहटा फ्लाईओवर, बागपत बाईपास फ्लाईओवर, परतापुर इन्टरचेंज। **(एन0एच0 58)**

  (2) जीरोमाईल, बेगमपुल, बच्चापार्क, आबकारी चौराहा, हापुड़ अड्डा चौराहा, बिजली बम्बा पुलिस चौकी **(हापुड-बुलन्दशहर रोड)**

  (3) नानू नहर पुल, भोला झाल, जानी नहर पुल **(नहर पटरी)**

मेरठ सीमान्तर्गत कावंड मेला-2023 के दौरान वाहनों की रफ्तार धीमी करने के लिए **''एस शेप'' बैरियर व ''अस्थाई स्पीड ब्रेकर''** की व्यवस्था हेतु निम्न बिन्दुओं पर कराया जाना आवश्यक है:-

1. मोहिउद्दीनपुर पुलिस चौकी 2.बागपत बाईपास चौराहा 3.शोभापुर बाईपास चौराहा 4. सरधना बाईपास चौराहा 5. मोदीपुरम तिराहा चैक पोस्ट 6. दौराला चौराहा 7. जादूगर चौराहा 8. जीरोमाईल चौराहा 9. बिजली बम्बा पुलिस चौकी 10. एल0-ब्लाक चौराहा 11.के0-ब्लाक चौकी 12. यूनिवर्सिटी रोड 13.जेलचुंगी चौराहा 14. कमिश्नर आवास चौराहा

**चिन्हित किये गये प्रैशर प्वाइंट:-**

1. मोदीपुरम पुल के नीचे 2. छठी वाहिनी पीएसी गेट 3. टैंक चौराहा 4. जादूगर चौराहा 5. जीरोमाइल चौराहा 6. बेगमपुल चौराहा 7. भैसाली रोडवेज अड्डा 8. जलीकोठी चौराहा 9. केसरगंज 10. रेलवे रोड चौराहा 11. ईदगाह चौराहा 12. मैट्रो प्लाजा 13. माधवपुरम गेट 14. दैनिक जागरण चौराहा 15. परतापुर इन्टरचेंज 16. मोहिउद्दीनपुर खरखौदा मोड 17. सुभारती यूनिवसिर्टी गेट 18. बागपत बाईपास पुल के नीचे 19. सरधना फ्लाईओवर के नीचे 20. कमिश्नर आवास चौराहा 21. तेजगढी चौराहा 22. सोहराबगेट बस स्टैण्ड 23. हापुड अड्डा

**औघड़नाथ मंदिर पर कांवडियों द्वारा किये जाने वाले जलाभिषेक के अवसर पर ''ट्रैफिक डायवर्जन स्कीम'':-**

मोदीपुरम्, रूडकी, हरिद्वार की ओर से आने वाले लाखों कावड़िये मेरठ कैन्ट स्थित **''बाबा औघड़नाथ मंदिर''** पर जलाभिषेक करते हैं जो टैंक चौराहा से माल रोड़ होकर एवं जादूगर चौराहा से सोफिया स्कूल की ओर मुड़कर रजवन बाजार व हनुमान चौक सदर से होकर औघड़नाथ मंदिर पर पहुॅचते हैं। इस अवसर पर औघड़नाथ मंदिर की ओर जाने वाले मार्गो पर बैरियर लगाकर यातायात पुलिस व नागरिक पुलिस की डियूटियाँ लगाकर मंदिर की ओर जाने वाले वाहनों को रोक दिया जाता है। इस ओर जलाभिषेक करने वाले श्रद्वालू व कांवड़ियों को पैदल ही जाने की अनुमति दी जाती है।

**<u>निम्न स्थानों पर बैरियर व पुलिस की डियूटियां लगाकर जलाभिषेक से दो दिन पूर्व ट्रैफिक डायवर्जन स्कीम लागू की जाती है:-</u>**

1.नैनसी चौराहा सरकुलर रोड़। 2. बालाजी मंदिर मोड़ वेस्ट एण्ड रोड़।

3.शिवचौक आबूलेन 4. हनुमान चौक बॉम्बे बाजार।

5.दर्शन एकेडमी 6. पार्किंग नैनसी चौराहा रोड

7.राम आफिसर्स मैस 8. गोल्डन पार्क तिराहा

9.दीवान स्कूल तिराहा

**<u>नोट: उपरोक्त के अतिरिक्त आवश्यकता पडने पर अन्य स्थानों पर भी बैरियरों की व्यवस्था अपने- अपने क्षेत्र में संबंधित थाना प्रभारी द्वारा की जायेगी।</u>**

पत्रांक: टीआई कांवड-श्रा0शि0/2023

दिनांक: जून, 2023

**प्रभारी निरीक्षक यातायात**
**जनपद-मेरठ**

# डायवर्जन प्लान मेरठ जोन

**दिल्ली-हरिद्वार-देहरादून मार्ग पर चलने वाला वाहन**

**-हरिद्वार से दिल्ली जाने वाला वाहनः-** झबरेडा,देवबन्द,रामपुर तिराहा,पचेण्डा बाई पास,भोपा बाईपास, सिखेडा, जानसठ, मीरापुर, रामराज, कस्बा मवाना पुलिस चौकी, कस्बा किठौर, साईलो पुलिस चौकी द्वितीय, हापुड, पिलखुआ, डासना तिराहा, विजयनगर बाईपास एनएच-24 से, यू0पी0 गेट के रास्ते दिल्ली जायेगे। इसी प्रकार वापस आयेगा।

**-देहरादून जाने वाला वाहनः-** देवबन्द से तल्हेडी बुजुर्ग, नांगल, गागलहेडी, सैयद माजरा होते हुये छुटमलपुर से देहरादून जायेगा। इसी प्रकार वापस आयेगा।

**-बिजनौर से दिल्ली जाने वाला वाहनः-** बिजनौर, मीरापुर, रामराज, कस्बा मवाना पुलिस चौकी, कस्बा किठौर, साईलो पुलिस चौकी द्वितीय, हापुड, पिलखुआ, डासना तिराहा, विजयनगर बाईपास एनएच-24 से, यू0पी0 गेट के रास्ते दिल्ली जायेगा। इसी प्रकार वापस आयेगा।

**मुरादाबाद की तरफ से बुलन्दशहर होते हुऐ दिल्ली जाने वाला वाहन**

अनुपशहर-बुलन्दशहर-सिकन्द्राबाद-दादरी-नोएडा होते हुए दिल्ली जायेगा एवं इसी मार्ग से वापस लौटेगा।

**मुरादाबाद की तरफ से आने वाला वाहन जिसे हरियाणा-पश्चिम जाना है**

अनुपशहर-बुलन्दशहर-सिकन्द्राबाद-दादरी-इस्टर्न पैरीफेल एक्सप्रैस-वे नोएडा से हरियाणा पश्चिम जायेगा एवं इसी मार्ग से वापस लौटेगा।

# <u>कांवड़ यात्रा 2023</u>

1 **<u>औघड़नाथ मंदिर पर कांवडियों द्वारा किये जाने वाले जलाभिषेक के अवसर पर ''ट्रैफिक डायवर्जन स्कीम'':-</u>**

मोदीपुरम्, रूडकी, हरिद्वार की ओर से आने वाले लाखों कावड़िये मेरठ कैन्ट स्थित **''बाबा औघड़नाथ मंदिर''** पर जलाभिषेक करते हैं जो टैंक चौराहा से माल रोड़ होकर एवं जादूगर चौराहा से सोफिया स्कूल की ओर मुड़कर रजवन बाजार व हनुमान चौक सदर से होकर औघड़नाथ मंदिर पर पहुॅचते हैं। इस अवसर पर औघड़नाथ मंदिर की ओर जाने वाले मार्गो पर बैरियर लगाकर यातायात पुलिस व नागरिक पुलिस की डियूटियाँ लगाकर मंदिर की ओर जाने वाले वाहनों को रोक दिया जाता है। इस ओर जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालू व कांवड़ियों को पैदल ही जाने की अनुमति दी जाती है।

**<u>निम्न स्थानों पर बैरियर व पुलिस की डियूटियां लगाकर जलाभिषेक से दो दिन पूर्व ट्रैफिक डायवर्जन स्कीम लागू की जाती है:-</u>**

1. नैनसी चौराहा सरकुलर रोड़।
2. बालाजी मंदिर मोड़ वेस्ट एण्ड रोड़।
3. शिवचौक आबूलेन
4. हनुमान चौक बॉम्बे बाजार।
5. दर्शन एकेडमी
6. पार्किंग नैनसी चौराहा रोड

7 राम आफिसर्स मैस

8. गोल्डन पार्क तिराहा
9. दीवान स्कूल तिराहा

**प्रभारी निरीक्षक यातायात**
**जनपद-मेरठ**